प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 15.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

जैसलमेर बस दुखांतिका में जान गवाने वाले 19 लोगों के शवों को जोधपुर लाया गया है। यहां इनका डीएनए परीक्षण किया जायेगा इसके बाद परिजनों को सौंपा जायेगा। **महात्मा गांधी** अस्पताल के अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी ने बताया कि 9 शव महात्मा गांधी अस्पताल और 10 शव एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाये गये है। एक शव पहले से ही जोधपुर में है। उन्होंने बताया कि घायलों में पांच लोग वेंटिलेटर पर और 8 की हालत नाजुक बनी हुई है। गौरतलब है कि कल दोपहर जैसलमेर से जोधपुर की तरफ आ रही एक निजी बस में एसी में शार्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई थी, हादसे में बीस लोगों की जलकर मृत्यु हो गई। 15 लोग गंभीर झुलस गए थे। बस में 57 लोग सवार थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हादसे की सूचना मिलने पर जैसलमेर फिर जोधपुर के एमजी अस्पताल पहुंचे थे। घटनास्थल का दौरा करने के बाद चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि बस के एसी के कम्प्रेशर फटने से यह आग लगने की आशंका हैं। एक ही दरवाजा होने से लोग फंस गए और जान नहीं बचा पाये। इस बीच केंद्र सरकार ने मृतको के परिजनों के लिए 2–2 लाख रूपये और घायलों के लिए 50–50 हजार रूपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

0000

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत में पर्यटन केवल आर्थिक विकास का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति, विरासत और प्रकृति के संरक्षण का माध्यम भी है। वे आज उदयपुर में चल रही राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस के सिलसिले में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री शेखावत ने बताया कि केंद्र सरकार "डीजी टूरिज्म पॉलिसी" तैयार कर रही है, जिसके लिए सभी राज्यों से महत्वपूर्ण सुझाव लिये जा रहे हैं ताकि पर्यटन विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय नीति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र की मूलभूत संरचनाओं और सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार आवश्यकतानुसार राज्यों को बजट आवंटन करेगी। उन्होंने सभी राज्यों से अपने एक या दो प्रमुख पर्यटन गंतव्य को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने को कहा, जिससे भारत की वैश्विक पर्यटन छवि और मजबूत हो सके। कल से शुरू हुई इस दो दिन की कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री हिस्सा ले रहे है।

0000

राष्ट्र आज भारत रत्न, विख्यात वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें याद कर रहा है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. कलाम को दूरदर्शी, वैज्ञानिक, प्रेरणादायक नेता और एक सच्चा देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि उनकी विनम्रता, करुणा और विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद ने उन्हें विभिन्न पीढियों के बीच में एक प्रिय नेता बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. कलाम को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन लोगो को विनम्रता रखने और कड़ी मेहनत करने के लिये प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे डॉ. कलाम की कल्पना के मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए काम करते रहेंगे।

0000

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल जयपुर आयेंगे। इस दौरान उनका खातीपुरा रेल्वे स्टेशन से रेल यात्रियों के लिए एक नई सुविधा की शुरूआत का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके तहत रेलगाडियों के एसी कोच में अब यात्रियों को मिलने वाला बेड रोल, लिनिन कवर में पैक करके दिया जायेगा। श्री वैष्णव जयपुर–असारवा रेलगाडी से इस सुविधा की शुरूआत करेंगे। इसके साथ ही वे उत्तर पश्चिम रेल्वे मुख्य कार्यालय में विभिन्न रेल परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। रेलमंत्री प्रबुद्धजन सम्मेलन और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

0000

प्रदेश में दलहन–तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 18 अक्टूबर से ऑनलाईन पंजीयन शुरू होगा। इनमें मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन की उपज शामिल है। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि किसान अपने जन आधार कार्ड और ऑनलाइन गिरदावरी से ई–मित्र के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते है।

उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में मूंग खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 27 सितम्बर से ही शुरू कर दिये गए थे।

0000

प्रदेश में सर्दी अब रंग जमाने लगी है। सुबह और शाम के समय ठण्डक का एहसास होने लगा है। रात के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट हुई है इससे रातें सर्द होने लगी है।

00000